वर्ष- 22 अंक - 134 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

इजराइल में नेतन्याहू आगे

तेल अवीव.एजेंसी। इजराइल के चुनाव में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की पार्टी आगे चल रही है, लेकिन उन्हें कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्हें बहुमत के लिए अभी भी 2 सीटों की जरूरत है। बहुमत के लिए 61 सीटों की जरूरत है, लेकिन नेतन्याहू की पार्टी 59 सीटों पर आगे है। ऐसे में अरब पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं।

93 गेंदों पर 30 छक्के 27 चौके

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली के युवा बल्लेबाज आर्यन शर्मा ने स्कूल्स टोटल टी-20 लीग में 93 गेंदों में 311 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। 27 चौके और 30 छक्के लगाकर आर्यन ने स्कूल क्रिकेट में तहलका मचा दिया।

सट्टा बाजार में हार रहे हैं ट्रंप

वॉशिंगटन. एजेंसी। अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति ट्रंप की हार हो सकती है और उनकी रिपब्लिकन पार्टी पिछड़ सकती है। सट्टा बाजार से जुड़ी एजेंसी कालशी के 26 अक्टूबर के आंकड़ों के अनुसार, ट्रंप विरोधी डेमोक्रेट्स के हाउस पर नियंत्रण पाने की संभावना 91 फीसदी है, जबकि रिपब्लिकन पार्टी के लिए यह आंकड़ा 9 फीसदी है।

तूफान ने मचाई तबाही

घरों में घुसा समंदर का पानी, टूटे मकान

तेज हवा के साथ भारी बारिश से उखड़े पेड़, डूबी सड़कें 50 ट्रेनें, 21 फ्लाइट रद्द, स्कूल-कॉलेज बंद, बिजली गुल, मप्र में भी तेज हवा से ठंडा हुआ मौसम

बुधवार ● एजेंसी

आंध्रप्रदेश से टकराते ही अर्नब तूफान ने तबाही मचाना शुरू कर दिया। तूफान के कारण तटीय इलाकों में 135 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं जिससे बड़ी तादाद में पेड़ उखड़ गए। आंध्र, ओडिशा सहित कई राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब 50 ट्रेनें और 21 फ्लाइट्स कैंसिल करना पड़ी। स्कूल-कॉलेज बंद करना पड़े। बारिश और हवाओं के कारण बिजली गुल हो गई। आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में समुद्र की लहरें ऊंची उठने लगीं और समुद्र का पानी रिहायशी इलाकों में घुसने से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। आज भी मछुआरे समुद्र में नहीं उतरे। तमिलनाडु के थूथुकुडी के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। इस तूफान के कारण इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कई इलाकों में कल से ही तेज हवाएं चल रही हैं जिससे मौसम ठंडा हो गया। आजकल में मप्र में बारिश होने की संभावना है।

बाजार में बिछीं 100 से ज्यादा लाशें, 113 घायल

बुधवार.एजेंसी। सूडान में चल रहे गृह युद्ध के बीच दक्षिण दारफुर प्रांत के न्याला में एक व्यस्त बाजार पर ड्रोन हमला हुआ जिसमें 100 से अधिक लोग मारे गए और 113 घायल हुए। मानवाधिकार संगठन इमरजेंसी लॉयर्स ने सूडानी सेना को इस हमले का जिम्मेदार बताया है। मारे गए और घायल हुए लोगों में बड़ी संख्या महिलाओं और बच्चों की है।

पाकिस्तानी सेना के 80 जवान मारे

बुधवार.एजेंसी। बलोच लिबरेशन फ्रंट ने दावा किया है कि उसने ग्वादर और आसपास के इलाकों में 'ऑपरेशन अल्मास' नामक हमले में 80 से ज्यादा पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया कर्मियों को मार गिराया, साथ ही 12 वाहन नष्ट किए और कई ड्रोन भी गिरा दिए।















INVEST MADHYA PRADESH
GLOBAL INVESTORS SUMMIT
JANUARY 2027 | BHOPAL
— INFINITE POSSIBILITIES —

प्रगति का नया परिवेश मध्यप्रदेश





मध्यप्रदेश
अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

28 अक्टूबर 2026 | ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर, इंदौर

प्रमुख आकर्षण
- शहरी विकास एवं निवेश-आधारित सत्र
- वन-टू-वन मीटिंग
- प्रारूप नीतियों का विमोचन
- एमओयू हस्तांतरण एवं आशय पत्र जारी
- 'इंदौर इकोनॉमिक रीजन' रिपोर्ट का विमोचन

पैनल चर्चा
- अर्बन प्लानिंग, ट्रांज़िट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स
- डिजिटल रिफॉर्म्स
- अर्बन फाइनेंस एवं निवेश संभावनाएं
- जलवायु अनुकूलन क्षमता एवं सर्कुलर इकोनॉमी

फोकस सेक्टर
- शहरी अवसंरचना
- आवास एवं टाउनशिप विकास
- मोबिलिटी एवं मेट्रो अवसंरचना
- डिजिटल गवर्नेंस एवं नवाचार
- निवेश एवं भविष्य के शहर



D-11150-26
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

गीत-संगीत और सम्मान के आयोजन में पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेसी

पटवारी भी रहे मौजूद, कोषाध्यक्ष ने गाया गाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



स्टार फेन क्लब से जुड़े शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने कल जाल सभागृह में गीत-संगीत और 15 संस्थाओं के सम्मान के साथ दशहरा मिलन और जल संरक्षण संकल्प का आयोजन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी और अग्रवाल समाजजन इस आयोजन में पहुंचे। गर्ग के बुलावे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सत्यनारायण पटेल, महामंत्री विनय बाकलीवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे भी पहुंचे। पटवारी ने गाना तो नहीं गाया, लेकिन उद्बोधन जरूर दिया। इधर कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने भी गानों की प्रस्तुति दी। हॉल में बैठने की जगह कम पड़ी तो बाहर भी लोग मौजूद रहे क्योंकि कांग्रेसी बड़ी संख्या में पहुंचे थे, इधर अग्रवाल समाजजन और स्टार फेन क्लब से जुड़े लोग भी पहुंचे थे। विनोद अग्रवाल, पवन सिंघानिया, हेमंत अग्रवाल, महेश मित्तल, रितू केडिया, प्राची अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। सौरभ गोयल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, शीतल संजय तोड़ीवाला, अनिल अग्रवाल, राधा मित्तल, पुष्पा ऐरन, दीपिका आशीष गोयल, शशि ऐरन, राजेश गोयल, शीतल अग्रवाल, राधा अग्रवाल, विनोद बंसल, डिम्पल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग, विष्णुप्रसाद गुप्ता का भी सम्मान किया गया।



पदयात्रा को लेकर विधायक ने की समर्थकों के साथ बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधायक महेन्द्र हार्डिया ने एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया और अन्य के साथ 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत 30 अक्टूबर को इंदौर में आयोजित होने वाली पदयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में पदाधिकारी और अन्य भी मौजूद रहे। विधानसभा 5 के हर मंडल और वार्ड से ज्यादा से ज्यादा इस हूंकार यात्रा में भाजपाई और आम लोग भी पहुंचे इसको लेकर रणनीति बनाई गई। संयोजक संजय इंदौरी, वार्ड पालक अजेश सिरा का स्वागत भी किया गया। नेहा शर्मा, कैलाश पिपले भी मौजूद रहे।



पार्षद ने किया रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वार्ड 16 की पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने इशा ऐवेन्यु कालोनी की पुरानी सडक निर्माण को पूरा कराने के लिए सडक निर्माण के पूर्व भूमिपूजन का आयोजन किया। इस दौरान अनिता बलसोडा, सूर्वणा मेंदड, संतोष बारिया, मनोहर प्रजापत, मुकेश धारकर मौजूद थे।

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' मुद्दे पर प्रदेश भाजपा के निर्देश पर इंदौर में 30 अक्टूबर को पदयात्रा सुबह 10 बजे सुभाष नगर चौराहे से शुरू होकर पाटनीपुरा चौराहे तक निकाली जाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस यात्रा को लेकर भाजपा ने विशेष तैयारियां शुरू की है, जहां नगर इकाई, उद्योगपति, व्यापारी, सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन और अपने पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों, एसोसिएशन की बैठक आयोजित कर रही है। वहीं पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपाइयों ने रैली मार्ग का दौरा भी किया। इस यात्रा में मोहन यादव के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी विप्लव देव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, राकेश शुक्ला, राजेन्द्र राठौर, चंदू शिंदे सहित अन्य पदयात्रा मार्ग के निरीक्षण में मौजूद रहे।

कांग्रेस की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस ने आज वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में दिल्ली में होने वाले 1 नवम्बर के प्रदर्शन में हर विधानसभा से कांग्रेसियों के शामिल होने के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ खान, सहप्रभारी उषा नायडू, बाला बच्चन, चिन्टू चौकसे की मौजूदगी में बैठक बुलाई है। समाचार लिखे जाने तक कांग्रेसियों का बैठक के लिए पहुंचना शुरू हो चुका था।

मुख्यमंत्री पहुंचे अर्बन कॉनक्लेव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में म.प्र. अर्बन ग्रोथ कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे और उन्होंने कॉनक्लेव का शुभारंभ किया। आज इस कॉनक्लेव में शहरी विकास, निवेश, डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल शहरों सहित विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्यमंत्री की मौजूदगी से कार्यक्रम में और दम मिला। इस कॉनक्लेव में राज्य सरकार के विजन को साझा किया जाएगा। थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री सीधे निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठक कर शहरी क्षेत्र में निवेश, परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। कॉनक्लेव में महानगरों से आगे बढ़कर श्रेणी-2 के शहरों के विकास पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें पुनःघनीकरण, परिवहन आधारित विकास (टीओडी), टीडीआर, आवास, पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारे, रेरा स्वीकृतियां, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अनापत्ति प्रमाण-पत्रों में कमी (एनओसी) तथा एफएआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। मुख्यमंत्री पहले भोपाल से शाजापुर पहुंचे थे और फिर इंदौर पहुंचे और यहां से कार्यक्रम के बाद दोपहर 1.45 बजे विमानतल से कटनी के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री कटनी के बाद भोपाल पहुंचेंगे और उसके बाद शाम 6 बजे वापस इंदौर आकर शंकर आई फाउंडेशन इंडिया के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 30 अक्टूबर को सुभाष नगर परदेशीपुरा से निकलने वाली भाजपा की यात्रा में भी शामिल होंगे।



नल कनेक्शन तो है लेकिन जल आपूर्ति बंद-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस नेता और बांक पंचायत रहवासी सलीम स्टेट ग्राम बांक, सरफराज अंसारी ने कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर के नाम एवं जनपद पंचायत इन्दौर में शिकायत दर्ज कराई कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांक में नल कनेक्शन तो किए जा चुके है लेकिन उसमें जल आपूर्ति नहीं हो रही है। इन नलों से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। अंसारी ने यह भी बताया कि जनवरी 2024 में घरों में नल कनेक्शन लगाए गए थे। प्रारंभ में लगभग 2-3 माह तक पानी की आपूर्ति की गई, किंतु उसके पश्चात से ग्राम के अधिकांश हिस्सों में पानी की आपूर्ति पूर्णतः बंद है। इस कारण ग्रामवासियों को पेयजल एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह कि. उक्त समस्या के संबंध में ग्राम पंचायत एवं सरपंच को कई बार मौखिक रूम से शिकायत की गई है। हाल ही में भी ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से शिकायत की गई, किंतु आज दिनांक तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। यह कि, ग्राम पंचायत द्वारा केवल 1-2 गलियों में ही पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि ग्राम के अन्य हिस्सों जैसे ग्रीन पार्क, नूरानी नगर, न्यू ग्रीन पार्क, सलीम स्टेट, राजकुमार नगर, अहमद नगर आदि के रहवासी नल कनेक्शन होने के बावजूद पानी से वंचित हैं। ऐसी स्थिति में योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही राशि, किए जा रहे व्यय तथा जलापूर्ति व्यवस्था के वास्तविक संचालन की जाँच किया जाना न्यायहित में अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि योजना का लाभ सभी पात्र ग्रामवासियों को क्यों नहीं मिल रहा है।शिकायत में यह भी लिखा कि इस मामले में कई बार शिकायत हुई लेकिन कार्रवाई नहीं होना चिंताजनक है। पूरे मामले की जांच करवाई जाए।





श्री कृष्ण विहार कॉलोनी के नागरिकों का निगम पर हल्ला

पानी दो, गंदा पानी बंद करो की गूंज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम पर श्री कृष्ण विहार कॉलोनी के नागरिकों ने हल्ला बोल दिया। इन नागरिकों ने मांग की है कि उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए। उनके क्षेत्र की पानी की लाइन से गंदा पानी घरों में आ रहा है।



कल मंगलवार का दिन जनसुनवाई का दिन था। इस दिन इंदौर नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई में आयुक्त क्षितिज सिंघल नहीं बैठे थे। ऐसी स्थिति में निगम में तैनात 9 अपर आयुक्त में से 2 अपर आयुक्त जनता की शिकायतों को सुनने के लिए आयुक्त कक्ष में बैठे थे। बड़ी संख्या में शहर के नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर निगम की जनसुनवाई में इस उम्मीद के साथ पहुंचे थे कि यहां उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

इन नागरिकों के बीच ही विधानसभा क्षेत्र में पांच के अंतर्गत आने वाले खजराना क्षेत्र की कृष्ण विहार कॉलोनी के नागरिकों का समूह भी नगर निगम में पहुंचा। इन लोगों के द्वारा निगम आयुक्त के नाम पर एक ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा गया। इसमें कहा गया कि इस कॉलोनी में वे लोग 1996 से रह रहे हैं। कलेक्टर के द्वारा 2001 में इस कॉलोनी को वैध कर दिया गया था। इस कॉलोनी में रहने वाले लोग अभी भी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। इन लोगों तक यह सुविधा नहीं पहुंच पा रही है। इन लोगों के द्वारा संपत्ति कर, जलकर चुकाकर निगम के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बाद भी उनकी कालोनी में नल में गंदा पानी आता है। ऐसे में नागरिकों के समक्ष पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों का कहना था कि पूरी कॉलोनी की ड्रेनेज लाइन चौक पड़ी हुई है। ऐसे में कई स्थानों पर यह लाइन पानी की लाइन में मिल रही है। जिसके चलते हुए घरों में गंदा पानी आ रहा है जो कि बदबूदार है। इस पानी की स्थिति को देखने से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि ड्रेनेज का पानी नर्मदा की लाइन से आ रहा है। इन लोगों ने शुद्ध पानी उपलब्ध कराने और ड्रेनेज की लाइन को साफ करने की मांग रखी है। निगम के अधिकारियों के द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर इन नागरिकों को रवाना किया गया।

बैनर-पोस्टर हाथ में लेकर कांग्रेसियों ने निकाली जनसंघर्ष रैली

उठाया महंगाई, बेरोजगारी बढ़ते अपराध का मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव लगातार कई दिनों से जनसंघर्ष महारैली की तैयारी कर रहे थे। हजारों पोस्टकार्ड भी डाले गए। कल यह रैली गांधी भवन से कलेक्टर कार्यालय तक निकाली गई। वरिष्ठ नेताओं का अभाव इस रैली में दिखाई दिया। यादव ने फिर भी भीड़ जुटा ली थी। बैनर-पोस्टर हाथ में लेकर केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों पर नारेबाजी की गई। पोस्टर पर विरोध दर्शाया गया, जिसमें जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कथित दुरुपयोग का जिक्र किया गया। कांग्रेसियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर वहां प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम अजय भूषण शुक्ला को दिया। वोट चोरी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी गुंजाई। गांधी भवन के नीचे और कलेक्टर कार्यालय के समीप सभा भी की गई, जिसे संबोधित किया गया। रैली में देवेन्द्रसिंह यादव, चिन्टू चौकसे, अरविंद बागड़ी, अमन बजाज, संजय बाकलीवाल, प्रेम खड़ायता, सोहराब पटेल, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, मजहरहुसैन सेठजीवाला, मुकेश ठाकुर, सत्यनारायण सलवाड़िया, सुधीर सेठिया, ठाकुर जितेन्द्र सिंह, सादिक खान, इम्तियाज बेलिम, जतिन थोरात, विकास जोशी, अनुरोध जैन, मनीष मिंडा, जीतू दीवान, धर्मेन्द्र वाजपेयी, आफताब खान, दानिश खान, विपिन गंगवाल, मोहन चौहान, नितिश भारद्वाज, ईश्वर जोशी, मिथुन यादव, अमजद खान, कमलेश पाठक सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

बाजारों में जाकर निगम की टीम ने की मुनादी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली के त्यौहार की निकटता के कारण शहर की सड़कों पर खरीददारी करने वाले नागरिकों की भीड़ लग रही है। इसके साथ ही व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकान का सामान दुकान के बाहर रखकर विक्रय के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा कल बाजारों में जाकर मुनादी की गई। इसमें व्यापारियों को चेतावनी दी गई है कि अपने सामान को दुकान की शटर के अंदर ही रखें अन्यथा सामान जब्त कर लिया जाएगा।

अपनी दुकान का सामान अंदर रखो अन्यथा कर लेंगे जब्त

दीपावली के त्यौहार के कारण सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। बड़ी संख्या में लोग अपनी आवश्यकता की वस्तु की खरीदी के लिए बाजार में जा रहे हैं। ऐसे में व्यापारियों के द्वारा भी अपनी दुकान के समान को दुकान के बाहर रखकर विक्रय के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है। इस स्थिति के कारण सड़क पर गाड़ियों के चलने का स्थान कम हो गया है। यह स्थान कम हो जाने से यातायात की व्यवस्था को संभालना चुनौती पूर्ण बन गया है। इस स्थिति में नगर निगम की गाड़ियों ने कल अलग-अलग बाजार में जाकर व्यापारियों को अनाउंसमेंट करते हुए चेतावनी दी। इसमें निगम के द्वारा कहा गया है कि कोई भी व्यापारी अपने दुकान के माल को प्रदर्शन के लिए दुकान के शटर के बाहर नहीं रखें। व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि आपके द्वारा दुकान के शटर के बाहर रखे गए सामान को नगर निगम की टीम के द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। उन्हें कहा गया है कि वह सामान को बराबर अपनी दुकान के अंदर ही रखें। इस चेतावनी के माध्यम से नगर निगम के द्वारा यह संकेत दे दिया गया है कि दीपावली के त्यौहार की बेला में निगम बाजारों में जाकर सामान को जब्त करने का अभियान चला सकता है।

व्यापारियों में मच गया हड़कंप

जिस भी बाजार में निगम की टीम के द्वारा जाकर इस तरह की चेतावनी दी गई उस बाजार में व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इन व्यापारियों के द्वारा तत्काल ही अपने सामान को उठाकर दुकान के अंदर रखने का काम किया गया। व्यापारियों का कहना था कि नगर निगम को तो कार्रवाई करने में कुछ नहीं लगेगा। चाहे जब आएंगे यह और हमारा हजारों रुपए कीमत का सामान उठाकर गाड़ी में डाल दिया जाएगा। फिर इस सामान को छुड़वाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में उचित यही है कि हम पहले से ही अपने सामान को हटा लें।

इंदौर का अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गिरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ठंड के इस मौसम में ठंड का एहसास तो सुबह जल्दी या रात को देर से ही हल्का-हल्का होता है। इसके अलावा बाकी समय पर तो तेज गर्मी महसूस हो रही है। यही कारण है कि व्यक्ति एक कूलर पंखे के बगैर अपना काम नहीं कर पा रहा है। पिछले 24 घंटे में इंदौर का अधिकतम तापमान करीब डेढ़ डिग्री सेल्सियस गिर गया है। मौसम विभाग के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में इंदौर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह तापमान पिछले दिवस की तुलना में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस बना रहा है। इस तापमान में बहुत ही मामूली परिवर्तन हो रहा है। दृश्यता की स्थिति में कोई समस्या नहीं है। इस अवधि में इंदौर में 46 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। आज सुबह शहर का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा है।

बर्तन व्यवसायी की आंख, त्वचा और लीवर दान

ग्रीन कॉरिडोर बनाए बगैर ही हो जाएगा प्रत्यारोपण



इंदौर। बर्तन कारोबारी के परिजनों ने उनकी आंख, त्वचा और लीवर दान की है। ग्रीन कॉरिडोर बनाए बगैर ही दान किए गए अंग अस्पताल में प्रत्यारोपण के लिए पहुंच जाएंगे। कटनी निवासी बर्तन व्यवसायी सुनील ताम्रकार 56 वर्षीय रोगी के ब्रेन स्टेम डेथ प्रमाणित होने के बाद उसके परिजनों के द्वारा अंगदान की पहल की गई। मुस्कान ग्रुप के सेवादारों के समन्वय सेवा में संपन्न हो रहे इस पुनीत कार्य में दिवंगत की धर्मपत्नी तृप्ति ताम्रकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका लीवर का दान केयर हॉस्पिटल के 54 वर्षीय पुरुष में किया जाना है एवं आंख और त्वचा का दान भी इसी अस्पताल के मरीज को किया जाना है। जिस अस्पताल में ब्रेन डेथ हुई है वहीं पर प्रत्यारोपण किया जाने के कारण आज ग्रीन कॉरिडोर की आवश्यकता नहीं रहेगी। अंगदान करने का फैसला सुबह करीब 10:00 बजे हो सका। उसके बाद में इसकी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया। जब अंगदान शुरू होगा तो उस समय पुलिस के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। अंगदान की इस पूरी प्रक्रिया को दोपहर 12:00 बजे तक पूरा करवाने के साथ ही प्रत्यारोपण का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

1 लाख स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण आज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का होगा समापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा 100000 स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण आज किया जा रहा है। इसके साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का समापन भी हो जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रान्त के इन्दौर विभाग का शताब्दी वर्ष समापन कार्यक्रम चरैवेति- एकत्रीकरण आज सायं 4:30 से डेली कॉलेज में आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के वर्ष पर्यन्त आयोजित अनेक कार्यक्रमों की अंतिम श्रृंखला में समारोह कार्यक्रम के रूप में चरैवेति एकत्रीकरण बुधवार को डेली कॉलेज में सायं 4:30 से आरंभ होगा। इन्दौर महानगर एवं महू ग्रामीण से सभी सक्रिय स्वयंसेवक इस आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसके माध्यम से स्वयंसेवक एवं समाज हेतु निरंतर राष्ट्र कार्य में कार्यरत रहने का संदेश रहेगा। राष्ट्र प्रथम,संगठित समाज तथा



समरस समाज का उद्देश्य लेकर प्रत्येक भारतीय को भारत हित का चिंतन करते हुए व्यक्तिगत संकल्प लेकर अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य भाव का जागरण व अनुपालन करने का संदेश इस आयोजन का उद्देश्य है। शताब्दी वर्ष के समापन के उपरान्त स्वयंसेवक व समाज नयी उर्जा के साथ पुनः राष्ट्र निर्माण के कार्य में नयी शताब्दी में भी सक्रिय रहकर कार्यरत रहें। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक व्यायाम योग का प्रदर्शन करेंगे तथा चरैवेति चरैवेति - सामूहिक गीत गाएंगें। इन्दौर विभाग द्वारा विगत एक वर्ष में शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण भी प्रस्तुत होगा। कार्यक्रम में बौद्धिक उद्बोधन भी होगा। इस प्रकट कार्यक्रम के दर्शनार्थ समाज का प्रबुद्ध वर्ग भी उपस्थित रहेगा। इस कार्यक्रम हेतु विगत एक माह से स्वयंसेवक तैयारी कर रहे हैं।

विधायक ने ली स्कूल परिसर में संघ कार्यक्रम पर आपत्ति

डेली कॉलेज में आज संघ का कार्यक्रम हो रहा है, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने संघ प्रमुख को डेली कॉलेज में कार्यक्रम को लेकर चिट्ठी लिखने की बात कही थी। अब राजा के ही करीबी खीलचीपुर विधायक पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने डेली कॉलेज अध्यक्ष और बोर्ड के सदस्यों को पत्र लिखा और लिखा कि संघ कार्यक्रम पर उनकी औपचारिक आपत्ति है और बोर्ड की कार्यप्रणाली को लेकर चिंताएं हैं।


सबका मंगल हो, सर्वत्र-सुख समृद्धि, शांति हो
दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

नरेन्द्र शकुंतला वेद
अतिशय क्षेत्र ग्रेटर बाबा एरोड्रम रोड इंदौर
अध्यक्ष श्री दि.जैन सामाजिक संसद एवं श्री दि.जैन नवग्रह जिनालय

TC TECHNOCRATS
AN ISO 9001 : 2015 COMPANY
Mfrs. of : Electrical Control Panels & Distribution Boards.
- Main PCC Panels.
- Motor Control Centres
- APFC Auto-Power Factor Correction Panels
- AMF-Auto Main Failure Panels.
- Lighting & Power Dist. Boards
- Bus-Ducts up to 6000 AMP.
- Cable Trays

Happy Diwali
General Fabrication As Per Requirement.
91, INDUSTRIAL AREA EX.,
RAU NEAR INDRA EXPORTS, INDORE (M.P.)
M:- 09302100438 Email : technocratsindore@gmail.com


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
उन्नीत जैन झांझरी
एडवोकेट (म.प्र. उच्च न्यायालय)
5/2 मल्हारगंज, इंदौर
8989676737

ज्योतिष परामर्श
मंत्र, यंत्र एवं रत्नों द्वारा समाधान

एम. के. जैन
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविद्
मो. 98268 88688
श्री अनन्त अपॉर्टमेंट, चिड़ियाघर मेनरोड,
सन्मति स्कूल के पास, इन्दौर




MINDA PANEL
मिंडा पैनल
के साथियों की ओर से
शहरवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ

जीवन प्रवाह
प्रकृति, जीवन और जिम्मेदारी के रंग
पेड़ बचाएं | पक्षी बचाएं | पानी बचाएं
बेटियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं
पुर्वी मार्केटिंग
(पेस्ट कंट्रोल सर्विसेस) इन्दौर, (म.प्र.)
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ
अपने फ्लैटों, बंगलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, ऑफिसेस को काकरोच, खटमल, चींटियां, दीमक, मच्छर, सर्प, छिपकलियों एवं अन्य मौसमी कीड़ों से छुटकारा पाइये।
सेवा का अवसर प्रदान कर अपने प्रतिष्ठानों को कीट रहित इको फ्रेंडली वातावरण दीजिये।
स्वच्छ घर सुरक्षित परिवार की हमारी जिम्मेदारी
प्रकाश सोनी : 98930 66795
Email : poorvimarketing989@gmail.com

FAKHRUDDIN | SAIFUDDIN

Happy Diwali
MOIZ ALI
VARIETY®
HARDWARE CENTRE
UPPER & BASEMENT
14, Jawahar Marg, Mohammedi Market, Near Patel Bridge, Indore
Ph. : 0731- 4975509, 4046690
Showroom-2
363, PU4, Scheme No. 54 Behind C21 Mall, Indore
Ph. : 0731-4985537
Email : variety.saify@gmail.com Website : www.varietyhardware.com



शुभ दीपोत्सव
Rainbow®
Submersible Pumps
हरियाली के हर रंग
Since 1999
AN ISO 9001: 2008 COMPANY
MOST POWERFUL and EFFICIENT PUMPS
सुविधा एग्रो ट्रेडिंग कम्पनी
एफ-11, बाबादीप कॉम्प्लेक्स, महारानी रोड, इन्दौर (म.प्र.) फोन: 0731-2539326, 94250-59007, 94259-38696

शुभ दीपावली
चौरसिया टोबेको
संजय चौरसिया
पान छाप तम्बाकू के निर्माता एवं विक्रेता, इन्दौर







Authorised Apple Partner
HORIZON COMPUTERS
hp | ASUS
Authorise HP & Asus Store
Happy Deepawali
मंगलमय दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

3, Usha Nagar, Near Inspire store, Indore
UG-18 & 208, Block-A, Silver Mall, 8-A, RNT Marg Chhoti Gwaltoli, Indore (M.P.)
9302100512
sanjayneema@horizoncomputers.co.in



सर्वोदय स्कूल में साइंस एग्जीबिशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार के छोटे विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक दिमाग लगाकर माता-पिता के सहयोग से स्कूल में लगी साइंस एग्जीबिशन में अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि इन विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कर श्रेष्ठ प्रस्तुति पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।





गुजराती सेन समाजजन पहुंचे सम्मेलन में उज्जैन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुजराती सेन समाज ने उज्जैन में प्रादेशिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में लखन परमार को इस सम्मेलन की जिम्मेदारी दी गई थी। इस नियुक्ति पर कई भाजपा नेताओं ने बधाई भी दी।



उत्सुक समिति ने किया बालिकाओं को पुरस्कृत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। उत्सुक समिति मुराई मोहल्ला गाड़ी अड्डा जूनी इन्दौर द्वारा नवरात्रि में गरबे की प्रस्तुति देने वाली 150 बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया । साथ ही 40 कार्यकर्ताओं को भी पुरस्कार दिए गए। महा आरती पर विशेष थाली सजाने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। अशोक चतुर्वेदी, विशाल चतुर्वेदी, राजेश हार्डिया, राकेश साहू, महेंद्र चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, राजकुमार तिवारी , ओमेंद्र बनोधा, निलेश गोसर,नमन हार्डिया, सौरभ चतुर्वेदी, संदीप यादव, अंतिम हार्डिया, रवि सेवानी, कुणाल चतुर्वेदी, मनोज बिंजवा, प्रेमानंद सरस्वती, ओम प्रकाश धीमान, गोपाल हडिया, रितेश दीक्षित, दुर्गेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

अनाज तिलहन व्यापारी करेगा दीपावली मुहूर्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर अनाज तिलन व्यापारी संघ संयोगितागंज द्वारा इस बार दीपावली मिलन और छावनी मंडी में मुहूर्त 12 नवंबर गुरुवार का रखा गया है। महादेव शाहरा सभागृह संयोगितागंज अनाज मंडी प्रांगण में शुभ मुहूर्त के आयोजन में 56 भोग और श्रृंगार दर्शन सुबह 11:41 बजे से होगे। महालक्ष्मी पूजन एवं आरती



दोपहर 12:11 बजे से होगा, जबकि व्यापार का शुभ मुहूर्त दोपहर 12: 31 से एवं अन्नकूट भोजन प्रसादी दोपहर 12: 41 बजे से शुरू होगी। किसानी मंडी 6 से 11 और व्यापारी मंडी 7 से 11 नवंबर तक रहेंगी बंद। दीपोत्सव पर दोनों मंडियों में 5 से 6 दिन का अवकाश रहेगा। उक्त जानकारी मनोज काला, काशीनाथ गोयल, राजेश अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, नरेश गर्ग ने दी।



लायन्स ने गौसेवा कर लिया संकल्प

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लायन्स क्लब ऑफ इंदौर यूनिक ने विजयनगर में माधवलाल गौ लोक धाम आश्रम गौशाला में गौसेवा की। गौपूजन और आरती के बाद गाय को पेटपूजा हाथों से कराई गई। संतोष गोयल, डॉ. सीपी हेड़ा, श्वेता जोशी, विनोद जोशी, आत्माराम अग्रवाल, द्वारका गुप्ता, निर्मल राजपूत, अरुण खरिया, हरीश उप्पल, मोहनलाल अग्रवाल, पूनम गुप्ता, कनक राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

जैन ग्रुप ने लगाई एग्जीबिशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जैन उमंग ग्रुप द्वारा अभय प्रशाल में दो-दिवसीय एग्जीबिशन लगाई। 75 मातृशक्तियों को स्टॉल लगाने का मौका दिया गया। अरुणा हारिया, मीनू कटारिया मौजूद थी।





अन्नपूर्णा महिला मंडल ने किया आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के तत्वावधान में अन्नपूर्णा महिला मंडल का गरबा महोत्सव पालीवाल भवन इमली बाजार में आयोजित हुआ। राकेश जोशी ने बताया कि राजस्थानी वेशभूषा में मातृशक्तियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर राकेश जोशी, भोलीराम पुरोहित, ललित पुरोहित, सुरेश जोशी, अंबालाल जोशी, श्रवण जोशी, शांतिलाल जोशी, हरलाल पालीवाल, महेश जोशी, हीरालाल जोशी, पवन जोशी, मनोज जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

दशहरा मिलन आयोजन में मौजूद रहे सेन समाजजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री सेन शक्ति युवा समाज संगठन व पश्चिम क्षेत्र बारबर एसोसिएशन ने दशहरा मिलन और बैठक का आयोजन मालवा मिल क्षेत्र की होटल में किया। प्रदेश सरकार से



मांग की गई कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 19 फरवरी 2011 को सेन युवा कुम्भ में जो घोषणा की थी उस घोषणा को तत्काल प्रदेश सरकार अमल में लाए। सुभाष वर्मा सेन, वीरू सेन, मुकेश सेन, प्रदीप श्रीवास, सतीश सेन, मुकेश केलवा सहित अन्य मौजूद थे।

पंजाब अरोड़वंशीय समाज ने की करवा चौथ की तैयारी

मेहंदी-गीतों की हुई प्रस्तुतियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पंजाब अरोडवंशीय समाज ट्रस्ट द्वारा करवाचौथ का आयोजन कल मातृशक्तियों की मौजूदगी में अरोड़ा भवन नाथ मंदिर पर सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। जगह को भी सज्जित किया जा रहा है। गायिका मोना सेवडे द्वारा मेहंदी के गीतो की प्रस्तुति दी और इधर मातृशक्तियां मेहंदी लगवाती रही। तम्बोला और डांस का आयोजन भी किया गया। संजय अरोड़ा, गौरव तनेजा, तरुण पाहवा, प्रीति अरोड़ा, रीना अरोड़ा तनेजा, सोनिका जुनेजा, आयुषि छाबड़ा, रजनी मेघा ने अपनी भूमिका निभाई और कल करवा चौथ पर भी निभाएंगे। कल कथा वाचन का आयोजन भी होगा।



सोनू सूद चेरिटी क्लब शुरू

जरूरतमंदों की मदद का संकल्प

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सूद चैरिटी फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित सोनू सूद चैरिटी क्लब का शुभारंभ रिसोर्ट में किया गया। इस क्लब के माध्यम से जरूरतमंदों



को मदद की जाएगी, जिसका संकल्प भी लिया गया। अभिनेता सोनू सूद ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपील भी की। डिम्पल शर्मा, सुनीता साल्वे ने बताया कि दीपावली पर छोटे विक्रेताओं से दीये खरीदे जाएंगे और उन्हें बस्तियों तक पहुंचाया जाएगा। इस क्लब से अधिक से अधिक सेवाभावी लोगों को जोड़ा जाएगा और अलग-अलग क्षेत्रों की टीम भी बनाई जाएगी।

नाच क्विंस में किया नृत्यार्पण आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था नाच क्वींस द्वारा आयोजित 'नृत्यार्पण ' कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रस्तुतियां दी गई। 4 वर्ष की बालिका से लेकर 40 वर्ष तक की नृत्यांगनाओं ने शुद्ध कथक की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपूर्वा गुप्ता, आशी पटेल, हर्षिता गुप्ता, अनिता गुप्ता ने उक्त जानकारी दी।

क़ेसरी वाटिका में धर्मसभा का आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

केसरी वाटिका बिजासन रोड पर चातुर्मास के अंतर्गत शाश्वत नवपद ओलीजी आराधना में धर्मसभा का आयोजन किया। मुनिराज विद्वदरत्न विजय म.सा. ने धर्मसभा को सम्बोधित किया। पारणा महोत्सव के लाभार्थियों का बहुमान किया गया। राजेश जैन युवा ने बताया कि डॉ. अलका-योगेश जैन, निहाली-सिद्धार्थ शाह, प्रार्थी जैन, सीमंधर जैन एवं सेठ परिवार का बहुमान राकेशजी-प्रीतिजी जैन पार्श्वनाथ द्वारा किया गया। धनराज, नीरज सुराणा,नरेंद्र सुराणा, शैलेश जैन कुक्षी, धर्मचंद बोहरा, विनय पीपाड़ा, ललित जैन थांदलावाले, नरेंद्र राठौर, राजेश वागरेचा, सनोज जैन, नरेंद्र राणापुर, विनोद संघवी, तेजकुमार बम्बोरिया, पवन सुराणा एवं राजेंद्र रुणवाल, चंद्रलता, मंजूला सकलेचा, अंतिम राठौर मौजूद थे।

ओलीजी की आराधना



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री वर्धमान तप आयंबिल खाता ट्रस्ट पीपली बाजार द्वारा आयोजित 9 दिवसीय ओलीजी आराधना की गई। नवपद अराधना में सुधीर सेठिया, राजकुमार सुराणा, मनीष सुराणा,विमल नाहर, संजय डिगड़ाग, राजेन्द्र गुगलीय, विपीन जैन, आनन्द कटारिया, सुरेन्द्र छाजेड, विनय सोलंकी ने अपनी भूमिका निभाई।



अलहिरा के विद्यार्थियों ने जीते तीन कांस्य पदक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय तलवारबाजी प्रतियोगिता में अल-हिरा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक हासिल किए। अमान जावेद, मोहम्मद अज़हान और मोहम्मद तौहीद के पदक जीतने पर याकूब मेमन, सईद आलम सहित अन्य ने बधाई दी।

पानी की बर्बादी पर स्पाट फाइन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर में पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 21 के वार्ड 79 में आरआर कैट रोड स्थित 7 स्टेप गार्डन के सामने पानी की बर्बादी करने पर 2000 का स्पॉट फाइन किया गया। सीएसआई मनीष सिंह और सहायक सीएसआई रवि सिंह और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।



दंत और नेत्र स्वास्थ्य शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व को समर्पित दंत एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल,में किया गया। शिविर में 119 मरीजों का नेत्र एवं दंत परीक्षण किया गया 14 मरीजो का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया जिनके ऑपरेशन हॉस्पिटल में निशुल्क किए जाएंगे। डॉ. एसएस उबेजा, डॉ. सोमाक्षी सोमानी, डॉ. सपन पलौड़, डॉ. वीना नायक, डॉ. आरएन राजनवाल, डॉ. लोकमान, डॉ. अंजलि, प्रदीप देशपांडे ने सेवा कार्य किया।

लॉयर्स यूनियन का जिला सम्मेलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन इंदौर का द्वितीय जिला सम्मेलन अभिनव कला समाज गांधी हाल में किया गया। इस सम्मेलन में अधिवक्ता अनिल के. चौहान ने संविधान पर हो रहे हमले पर चिंता जताते हुए संविधान की हिफाजत के लिए अधिवक्ताओं को एकजुट होने का आव्हान किया। संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। 75 सदस्यों ने भाग लिया। अधिवक्ता जेएस सेंगर, अनिल के. चौहान, सुबोध प्रधान, बीएल नागर, भारतसिंह ठाकुर, रुद्रपाल यादव, अजयसिंह सेंगर, मनीष कछवाह, ओमप्रकाश खटके, अभयसिंह परमार, विशाल शर्मा, सपना सरकार, अनिल तोलानी, श्रवण निमजे, भारत सिंह ठाकुर, अजीत सिंह सेंगर, मयंक गुप्ता,एवं भानू शर्मा, एस एस दशोरे,सचिन वर्मा,ओ पी वर्मा, सोनल सोनी, मनीष कच्छवाहा,शशि चौरसिया, आनंद खटके सहित अन्य मौजूद थे। इन्हीं में से पदाधिकारी भी बनाए गए।

आदरांजलि सभा में संत सम्मेलन के लिए मंथन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर स्वामी लक्ष्मणानंद महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम में आदरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। हरि अग्रवाल ने बताया कि आदरांजलि के बाद अखंड वेदांत संत सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन भी किया गया। बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रतिमा पर पूजन, महाआरती, हवन का आयोजन भी किया गया। हरि अग्रवाल, डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप,साध्वी आदित्य चेतना गिरि, स्वामी राजानंद, गणेश गोयल, अरविन्द बागड़ी, संजय अग्रवाल गोल्ड क्वाईन, अशोक गोयल, मुरलीधर धामानी, विनय जैन, डॉ. चेतन सेठिया, शंकरलाल वर्मा, ज्योति श्रीवास्तव, किरण ओझा, वर्षा जैन, राजेंद्र सोनी, गिरधर सोनी, नितिन अग्रवाल, ओम यादव, जवाहर शर्मा मौजूद थे।

न्यायालय में धनतेरस का अवकाश घोषित करने की मांग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका जिनमें जिला व सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ-न्यायालयों के लिए धनतेरस के उपलक्ष्य में 6 नवम्बर 2026 का अवकाश पहले से ही घोषित है। लेकिन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य-पीठ जबलपुर और खण्ड-पीठ इन्दौर/ग्वालियर के लिए धनतेरस के उपलक्ष्य में अब तक अवकाश घोषित नही हुआ है। सामान्यतः धनतेरस के उपलक्ष्य में न्यायालयों में अवकाश रहता आया है।धनतेरस के त्यौहार के दिन अवकाश नही होने से सभी लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए धनतेरस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य-पीठ और खण्ड-पीठों के लिए भी अवकाश घोषित किये जाने की आवश्यकता है। गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति महोदय से अनुरोध किया है कि धनतेरस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य-पीठ जबलपुर और खण्ड-पीठ इन्दौर /खण्ड-पीठ ग्वालियर के लिए भी धनतेरस का अवकाश घोषित करने की कृपा करें।

भजन संध्या और शक्ति सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मां मनसा देवी भगवती कृपा ग्रुप द्वारा सियागंज चौराहे पर भजन संध्या,शक्ति सम्मान समारोह में 300 बालिकाओं को पुरस्कार वितरण एवं कन्या भोज, भंडारे का आयोजन किया गया एवं अन्य विभूतियों का भी सम्मान हुआ। कैलाश श्रीवास्तव, हरीश राठौर, हेमलता बोरासी, धर्मेन्द्र राठौर, अशोक शुक्ला, विप्लव अग्रवाल, राजेश यादव, राजेश मालवीय, गोविन्द राठौर, पूनम गोयल मौजूद थे। दादू महाराज ने पानी बचाने को लेकर संकल्प भी दिलाया।





महाराष्ट्र के दल ने किया संस्था का अवलोकन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पिंपरी चिंचवड सहकारी संस्था मर्यादित पूणे का संचालक मण्डल का दल मध्यप्रदेश में सहकारिता कार्यों का अवलोकन कर रहा है। सत्यमित्र सहकारी साख संस्था का अवलोकन किया और कार्यों की पूर्ण जानकारी ली। महाराष्ट्र से आए दल का स्वागत दीपक त्रिपाठी, दिवेश त्रिपाठी, अनिल देशमुख, दौलत रानेर ने किया।

कुर्मी समाज करेगा सरदार वल्लभभाई पटेल को याद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीएस निरंजन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता गणेश चौधरी ने बताया कि देश और प्रदेश के साथ इंदौर में भी कुर्मी समाज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाएगा। प्रतिमा पर सुबह माल्यार्पण और शाम को दीप प्रज्जवलन के कार्यक्रम होंगे। पटेल, पाटीदार, गुर्जर समाज और राष्ट्र प्रेमी संगठन भी वल्लभ भाई पटेल को याद करेंगे।

सूखा राहत अधिकार यात्रा गांव-गांव में निकलेगी

सूखा ग्रस्त घोषित करने की होगी मांग, नर्मदा का जल और बिजली की माफी की मांग भी उठेगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिले में बारिश की कमी से फसलों पर मंडराते संकट, खेतों में नमी और सिंचाई के पानी की कमी तथा किसानों की बढ़ती आर्थिक परेशानियों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जल्द ही 'सूखा राहत अधिकार यात्रा' निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से प्रभावित गांवों में पहुंचकर किसानों की समस्याओं का जायजा लिया जाएगा और सरकार एवं प्रशासन से तत्काल राहत देने की मांग की जाएगी। किसान नेता बबलू जाधव ने बताया कि यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर फसल नुकसान, बारिश की स्थिति, सिंचाई के साधनों, जलस्रोतों, पशुओं के लिए चारा-पानी और किसानों की आर्थिक स्थिति की जानकारी जुटाई जाएगी। प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर गांववार रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि सूखे के वास्तविक हालात प्रशासन के सामने रखे जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को दफ्तरों में बैठकर नहीं, बल्कि खेतों में पहुंचकर सूखे की वास्तविक स्थिति का आकलन करना चाहिए। इंदौर जिले के प्रभावित गांवों का निष्पक्ष सर्वे कराकर जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए तथा किसानों को नियमानुसार राहत राशि, फसल बीमा और अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए। नर्मदा का पानी गांवों के तालाबों में छोड़ने और नर्मदा लाइन चालू करने की मांग यात्रा के दौरान किसानों के खेतों और गांवों में पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया जाएगा। किसान नेता बबलू जाधव ने मांग की कि नर्मदा परियोजना की लाइन चालू कर पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा उपलब्धता और तकनीकी व्यवस्था के अनुसार नर्मदा का पानी गांवों के तालाबों में छोड़ा जाए, ताकि जलस्रोतों में पानी बढ़े और किसानों को सिंचाई एवं पशुओं के लिए पानी की सुविधा मिल सके। पानी की कमी पर नर्मदा का जल और बिजली के बिल किसानों के माफ किए जाएं। जंगली जानवरों से फसल नुकसान का मुद्दा भी यात्रा के दौरान उठाया जाएगा। जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान के मुआवजे की मांग भी की जाएगी। सांची दुग्ध संघ में दूध का भाव 12 प्रति फैट करने की मांग भी यात्रा में उठाई जाएगी।



हादसा पीड़ित परिवार से मिले भारती कलेक्टर से भी की चर्चा

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 22 अक्टूबर को मह-नीमच हाईवे पर दर्दनाक हादसा में मृतक के परिजनों से मिलने समाजसेवी नीलेश भारती पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर राजीव रंजन मीणा से भी फोन पर चर्चा की। जल्द सहायता राशि स्वीकृत करने की बात भी की। दो से तीन दिनों में राशि मिल जाए इस पर भी चर्चा हुई। इस घटना के बाद से पीथमपुर के स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों में भी आक्रोश है। दुर्घटना के बाद मौन मार्च निकालकर बच्चों को श्रद्धांजलि लोगों ने दी थी।

वाहनों से नेम प्लेट और हूटर हटाने के लिए ज्ञापन





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। समाजसेवी हरीश वोरा ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई कि इन्दौर में वाहनों पर अवैध रूप से गैर सरकारी नेम प्लेट, पद नाम प्लेट लगी है, कई गाडियों पर प्रेशर हार्न लगे है, कई गाडियों पर हूटर भी लगे है जो बजाए जा रहे है। जिन लोगों ने नाम, प्लेट, प्रेशर हार्न और हूटर लगा रखे है वे किसी पदों पर नहीं है, फिर भी दुरुपयोग कर रहे है। निजी वाहनों पर संस्थाओं के नाम, ट्रस्ट, समिति के नाम और पद लिखकर वाहन को प्रभावशाली बनाने की कोशिश की जा रही है उन पर सख्ती की जाए। पहले से ही इन चीजों पर प्रतिबंधात्मक आदेश तो दे चुकी है लेकिन सख्ती से कार्य को अंजाम देने के बजाया पुलिस कभी-कभी यह कार्रवाई करती जिससे लोगों को हौसले बढ़ जाते है। इन पर सख्त कार्रवाई तत्काल की जाए। कलेक्टर से यह भी मांग की गई है कि पुलिस को भी सख्ती के निर्देश दिए जाए।

गौ रक्षा, गौसेवा और गौ सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

समाजसेवी पुष्पा यादव ने संत रामबालक दास रामायणी, डॉ. चेतन स्वरूप स्वामी, राधे-राधे बाबा और पवनदास महाराज, चरणदास महाराज के सानिध्य में गौसेवा, गौरक्षा और गौ सम्मान को लेकर अभियान चलाया। आम लोगों को गाय के प्रति आदर की भावना को लेकर भी जागरूकता की बात कही गई है। संतों ने भी गौसेवा के इस अभियान को सराहा। गौशालाओं में सहयोग करने, बेसहारा गौवंश की देखभाल करने पर भी पुष्पा यादव जोर दे रही है।

एमबीए के छात्रों को 4 साल में करना होगा कोर्स पूरा

जुड़े हैं साढ़े11 हजार छात्र, समय पर पूरा नहीं तो डिग्री शून्य, नियम लागू

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में एमबीए एडमिशन लेने वाले साढ़े 11 हजार छात्रों को 4 साल में कोर्स पूर्ण करना होगा अन्यथा उनकी डिग्री शून्य हो जाएगी। यह तत्काल लागू किया गया है। इसके तहत एमबीए कोर्स की अधिकतम समय-सीमा 7 साल से घटाकर 4 साल कर दी गई है। 2026-27 में आए छात्रों को एटीकेटी आने, फेल होने या किसी कारण से बीच में पढ़ाई अधूरी छोड़ने सहित तमाम कारणों के बावजूद एमबीए कोर्स अधिकतम चार साल में पूरा करना ही होगा। एडमिशन की तारीख से मार्कशीट आने तक की समय-सीमा चार साल रहेगी।

नई शिक्षा नीति के कारण हुआ लागू

पता चला है कि नई शिक्षा नीति के तहत डीएवीवी अपनी सभी परीक्षाओं में लगातार बदलाव कर रही है। उसी के तहत यह अहम निर्णय लिया गया है। इसी साल 1 जुलाई से शुरू हो रहे नए सत्र से यह नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। दरअसल, सामान्य तौर पर एमबीए कोर्स दो से ढाई साल में पूरा हो जाता है। कई छात्र फेल हो जाते हैं। नकल प्रकरण, बीमार होने, दुर्घटना या किसी वजह से परीक्षा ही नहीं दे पाने के कारण भी छात्रों को कोर्स पूरा करते-करते तीन-चार साल या उससे ज्यादा समय लग जाता है। और तो और परीक्षाओं व रिजल्ट की लेटलतीफी के कारण भी यह स्थिति बनती है। अब इन सभी परिस्थितियों के बाद भी छात्रों को कोर्स समय पर पूरा करना होगा।

किन्हे क्या करना होगा?

वैसे 10 फीसदी छात्रों का कोर्स चार से सात साल में पूरा हो पाता है। अब इन छात्रों पर संकट रहेगा। इन्हें अधिकतम 4 साल में कोर्स पूरा करना ही होगा। उसके बाद अगर ये कोर्स पूरा करते हैं तो डिग्री शून्य हो जाएगी। एमबीए में कोर, फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन, मार्केटिंग मैनेजमेंट, आपरेशन मैनेजमेंट, फॉरेन ट्रेड, एचआर, बिजनेस इकोनॉमिक्स, ई-कॉमर्स, आपरेशन मैनेजमेंट, फाइनेंशियल सर्विसेस, टूरिज्म, जैसे स्पेशलाइजेशन भी हैं। इन सभी छात्रों को समय पर कोर्स पूरा करना होगा। एमबीए में सिमेट व ग्रेजुएशन आधार पर एडमिशन हुए है।

आयुक्त ने निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट का किया निरीक्षण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत शहर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य की समीक्षा कर कार्य के धीमी गति पर नाराजगी जताई और काम में तेजी के निर्देश दिए। कनाडिया, कबीटखेड़ी के निर्माण स्थल पर संबंधित अधिकारियों, कंसल्टेंट एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वाजपेई कॉलेज में होगा 90 लाख से रिनोवेशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शासकीय अटल बिहारी वाजपेई गर्वमेंट आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में लंबे समय के बाद प्रबंधन की मांग पर लोक निर्माण विभाग अफसरों द्वारा निरीक्षण कर सालों पुराने इस सरकारी कालेज की पहली मंजिल के साथ कॉलेज के अन्य हिस्सों में जहां जैसी आवश्यकता है उस हिसाब से रिनोवेशन का कार्य आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में कॉलेज प्रबंधन द्वारा निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वहीं इस रिनोवेशन और सुधार कार्य पर लगभग 90 लाख रुपए से ज्यादा पीडब्ल्यूडी द्वारा खर्च किए जाएंगे।

फर्स्ट फ्लोर पर विशेष रूप से होगा नवीनीकरण - कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक जिसमें मुख्य रूप से शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज के फर्स्ट फ्लोर पर नवीनीकरण का कार्य और सालों पुराने भवन के रिनोवेशन का काम नवीनीकरण और सुधार कार्य योजना के हिसाब से आधुनिकता के साथ बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारी और टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि दिवाली बाद जल्द जमीनी काम भी शुरू हो जाएगा। जिसके तहत वॉटर प्रूफिंग सहित क्लास रूम और हाल का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा ताकि छात्रों को लंबे समय से हो रही परेशानी दूर हो।

आधार में जो पता है, उसी जिले में अलॉट होंगे सेंटर

इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग राज्य सेवा प्रारंभिक व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2027 और अन्य बड़ी परीक्षाओं में भी सेंटर अलॉट करते समय आधार में जो पता है, उसी जिले में अलॉट होगा। इससे फर्क ये पड़ेगा कि इंदौर और भोपाल जैसे शहरों में हजारों के बजाय कम संख्या में अभ्यर्थी एग्जाम देंगे। इससे बोझ घटेगा।

इससे इंदौर, भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर जैसे बड़े जिलों में बहुत ज्यादा अभ्यर्थियों का दबाव खत्म हो जाएगा। एमपी पीएससी ने 2026 की प्री एग्जाम राज्य सेवा से यह प्रयोग शुरू किया था। उससे पहले तक इंदौर जिले में औसत 40 हजार अभ्यर्थी एग्जाम देते थे,जबकि प्री 2016 में वह संख्या घटकर 11 हजार रह गई थी। सेंटरों की संख्या पहले 100 तक हुआ करती थी। वह आधी से भी कम हो गई।

पीएससी के अनुसार यह निर्णय अलग-अलग स्तर पर मिल रही शिकायतों के बाद लिया गया था। नई व्यवस्था के तहत अब आगे भी जो जिस जिले का मूल निवासी है, उसे वहीं परीक्षा देना होगी। इसके पहले तक अभ्यर्थियों को उनकी पसंद या पीएससी की सामान्य प्रक्रिया के आधार पर सेंटर अलॉट होते थे। तब 30 से 40 फीसदी अभ्यर्थी इंदौर जिले को ही चुन लेते थे।

यह चिन्ता का विषय

पीएससी की परीक्षाओं में लगातार अटेंडेंस घट रही है। विशेषकर राज्य सेवा परीक्षा में ऐसा हो रहा है। इस पर एक्सपर्ट की भी नजर है। क्योंकि 4 परीक्षाओं में उपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का औसत आंकड़ा 55 फीसदी पर आ चुका है। पहले यह 70 से 75 फीसदी के बीच था।

संपादकीय

साफ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा के लिए अदालतों को क्यों देना पड़ रहा निर्देश?

हाल ही में एक याचिका की सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान में दिए गए 'राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों' के तहत जिम्मेदारियों के अलावा साफ-सुथरे शौचालयों तक आम लोगों की पहुँच का अधिकार 'जीवन के अधिकार' का ही हिस्सा है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करने का जो काम सरकार को अपने स्तर पर पूरा करना चाहिए, उसके लिए अदालतों को ध्यान दिलाना पड़ता है। कहने को सरकार आए दिन देश भर में स्वच्छता का संदेश देने के लिए हर परिवार के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मुहैया कराने का दावा करती रहती है और इस दिशा में कुछ काम हुए हैं। मगर आज भी हालत यह है कि न केवल सार्वजनिक जगहों पर, बल्कि बहुत सारे स्कूलों और यहाँ तक कि कई अदालतों के परिसरों तक में मौजूद बुनियादी सुविधाएँ बदहाली से दो-चार हैं। इस मामले में महिलाओं को किस स्तर की मुश्किल झेलनी पड़ती है, यह कोई छिपा तथ्य नहीं है। सवाल है कि सरकार के लिए पिछले एक दशक से ज्यादा समय से जो एक प्रमुख मुद्दा रहा है, उस मामले में आज भी दशा क्यों ऐसी है कि अलग-अलग जगहों पर समाज का एक बड़ा तबका साफ सार्वजनिक शौचालयों की कमी का सामना करता है और उसके लिए शीर्ष अदालत के सामने निर्देश जारी करने की नौबत आती है। क्या यह अपनी ही किसी बहुप्रचारित योजना को लेकर सरकार की अगंभीरता का उदाहरण नहीं है? गौरतलब है कि देश भर के अदालत परिसरों में महिला वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाया है। अदालत ने सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों और उच्च न्यायालयों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महिला वकीलों के लिए अलग बार-कक्ष और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

आइसक्रीम पार्लर पर पटाखों का कारोबार

2 लाख के जखीरे के साथ संचालक गिरफ्तार

इंदौर। पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के संग्रहण के विरुद्ध छेड़े गए विशेष अभियान के तहत एरोड्रम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने क्षेत्र के 60 फीट रोड पर स्थित एक आइसक्रीम पार्लर पर छापा मारकर उसकी आड़ में छिपाकर रखे गए अवैध पटाखों का भारी जखीरा पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 2 लाख रुपए कीमत के पटाखे जब्त करते हुए दुकान के संचालक को धर दबोचा है।

थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में वैध पटाखा लाइसेंसधारियों के सत्यापन व गश्त के लिए 60 फीट रोड पर मौजूद थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि 'राधिका आइसक्रीम पार्लर की दुकान के भीतर अवैध रूप से भारी मात्रा में आतिशबाजी का स्टॉक किया गया है।

तलाशी के दौरान हुआ खुलासा, बोरियों में मिले माचिस बम- सूचना मिलने पर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और आइसक्रीम पार्लर की तलाशी ली। दुकान पर संचालक सागर नवीन पिता राजेंद्र कुमार नवीन, उम्र 38 वर्ष, निवासी पल्हर नगर, 60 फीट रोड मिला। दुकान के भीतर जब पुलिस ने छानबीन की, तो वहां सफेद रंग की 50 बोरियां संदिग्ध अवस्था में रखी मिलीं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, किंतु जब पुलिस ने सख्ती बरती तो उसने बोरियों में पटाखे होने का सच उगल दिया। बोरियों की जांच करने पर हर बोरी के अंदर 48 बॉक्स और प्रत्येक बॉक्स में 10-10 डिब्बियां माचिस बम बरामद हुए। जब पुलिस ने पटाखों के भंडारण संबधी वैधानिक लाइसेंस या परमिट के कागजात मांगे, तो संचालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एरोड्रम पुलिस ने लगभग 2 लाख रुपए मूल्य की आतिशबाजी जब्त करते हुए आरोपी सागर नवीन के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(बी) (1) और बीएनएस की धारा 288 के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और उसे हिरासत में लेकर आगे की जांच जारी है।

ट्रेन से कटने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर मंगलवार रात एक हृदयविदारक हादसे में निजी कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड की जान चली गई। महू से नाइट शिफ्ट करने इंदौर पहुंचे गार्ड का ट्रेन से उतरते वक्त पैर फिसल गया, जिससे वे पटरियों पर जा गिरे। इस भीषण हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, क्योंकि महज दो महीने बाद ही उनकी बेटी की शादी तय थी।

दो महीने बाद थी बेटी की शादी

जीआरपी पुलिस के अनुसार, मृतक की शिनाख्त मोहम्मद इजराइल पिता मोहम्मद इस्माइल, निवासी महू के रूप में हुई है, जो इंदौर की एक प्राइवेट फर्म में सिक्योरिटी गार्ड थे। वे रोजाना की तरह मंगलवार रात महू से ट्रेन द्वारा नाइट ड्यूटी के लिए इंदौर पहुंचे थे।बताते है कि जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर धीमी हुई, मोहम्मद इजराइल ने नीचे उतरने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वे ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच आ गए। गंभीर चोटें आने से उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर जीआरपी टीम ने शव को पटरियों से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए।परिजनों ने बताया कि मोहम्मद इजराइल के घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। उनकी बेटी की शादी पुणे में तय हुई थी और ठीक दो महीने बाद बारात आनी थी। घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हॉस्टल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान ऋतिका पिता रामकिशन, उम्र (18)मूल निवासी बंडा, जिला सागर के रूप में हुई है। छात्रा पिछले तीन सालों से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार, घटना राधे-राधे हॉस्टल की है। ऋतिका की रूम पार्टनर जब लाइब्रेरी गई हुई थी, उसी दौरान उसने अज्ञात कारणों के चलते यह खौफनाक कदम उठा लिया। रूम पार्टनर के लौटने पर घटना का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही भंवरकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है या नहीं और छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस इन सभी बिंदुओं पर तफ्तीश कर रही है।



प्रॉपर्टी कारोबारी को ब्लैकमेल कर 1 करोड़ मांगने वाली महिला गिरफ्तार

सेरोगेसी के जरिए संपर्क में आई थी आरोपी

इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबारी को ब्लैकमेल कर एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित कारोबारी की पत्नी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला पहले ही कारोबारी से 80 लाख रुपए ऐंठ चुकी थी और अब बदनाम करने की धमकी देकर और रुपयों की मांग कर रही थी। पुलिस के अनुसार, कारोबारी संतोष तलरेजा और उनकी पत्नी कृतिका तलरेजा ने परिवार बढ़ाने के लिए राजमहल कॉलोनी में रहने वाली महिला से सेरोगेट मदर बनने के सिलसिले में संपर्क किया था। इस दौरान दोनों परिवारों के बीच जान-पहचान बढ़ी। आरोप है कि इसके बाद महिला ने कारोबारी की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।फरियादिया पत्नी ने पुलिस को बताया कि आरोपी महिला अब तक उनके पति से 80 लाख रुपए वसूल चुकी है। इसके बावजूद वह एक करोड़ रुपए और मांग रही थी। रुपये न देने पर वह घर पहुंचकर हंगामा करने, सामाजिक रूप से बदनाम करने और आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए दोबारा दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराने की धमकी देती थी। परेशान होकर दंपती ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई, जिसके बाद अन्नपूर्णा पुलिस ने केस दर्ज कर महिला को दबोच लिया। पुलिस अब मामले से जुड़े पुराने दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन और अन्य बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

गुजरात के तस्कर को ट्रॉली बैग में 24 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दबोचा

इंदौर। शहर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हीरानगर थाना पुलिस ने एक बाहरी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने ट्रॉली बैग में छिपाकर अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा और अवैध शराब जब्त कर ली। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चेतन निवासी बगुरिया, जिला बड़ौदा, गुजरात को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद ट्रॉली बैग से कुल 24 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हीरानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध पटाखा बेचते एक गिरफ्तार

इंदौर। महू पुलिस ने पत्ती बाजार क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से पटाखे बेच रहे एक आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पत्ती बाजार इलाके में कार्रवाई करते हुए आरोपी राकेश पिता दुलीचंद, निवासी पत्ती बाजार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से करीब 8,440 रुपए मूल्य की अवैध पटाखा सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर सारा सामान जब्त कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

खटकेदार चाकू के साथ दबोचा





इंदौर। शहर में अपराधियों और अवैध हथियारों पर नकेल कसने के अभियान के तहत छत्रीपुरा थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को धर दबोचा है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक अनोखा और खतरनाक दो मुंह वाला धारदार डिजाइनर चाकू बरामद किया है।

अपराधियों की धरपकड़ और क्षेत्र में सख्त गश्त के लिए थाना प्रभारी छत्रीपुरा द्वारा एक विशेष क्राइम यूनिट टीम का गठन किया गया था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि एमओजी लाइन स्थित चिंतामण हनुमान मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम निखिल उर्फ प्रिंस पिता गौतम गुरु, निवासी भीम नगर बताया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से लोहे का बना एक खतरनाक दो मुंह वाला, खटकेदार और नुकीला डिजाइनर चाकू मिला। इस अवैध हथियार की कुल लंबाई 34.5 इंच है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में एएसआई दीपेश गोराना, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठकआरक्षक अरुण सिंह चौहान सहित अन्य की भूमिका शामिल रही।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
144100	142740
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
198100	195100

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

खरीदी में गड़बड़ी रोकने इंदौर निगम का 'रेट चेक' मॉडल हर टेंडर में पुरानी दरों से होता है मिलान

प्रदेश के नगरीय निकायों में खरीदी पर सवालों के बीच निविदा समिति की भूमिका अहम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में सरकारी खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई और जांच का दौर जारी है। हालिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रदेश में खरीदी से जुड़ी गड़बड़ियों के मामलों में सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। इस बीच इंदौर नगर निगम की खरीदी प्रक्रिया में निविदा समिति की भूमिका चर्चा में है। निगम में टेंडर स्वीकृत करने से पहले दरों की तुलना, पिछली खरीदी का रिकॉर्ड और असामान्य कीमतों पर सवाल-जवाब करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसका उद्देश्य सरकारी धन से होने वाली खरीदी में मनमानी कीमतों पर अंकुश लगाना है।

दरों में बड़ा अंतर मिलने पर ठेकेदार से जवाब-तलब, जरूरत पड़ने पर दोबारा टेंडर

पुरानी दरों से होता है नई कीमतों का मिलान-अपर आयुक्त अभय राजगावकर ने बताया कि निगम के विभागों को सामग्री खरीदने या विकास कार्य कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनानी होती है। निविदा समिति के सामने संबंधित टेंडर आने पर एजेंसी की दरों की तुलना पिछली खरीदी में चुकाई गई कीमतों से की जाती है। यदि किसी वस्तु या काम की दर में बड़ा अंतर दिखाई देता है, तो संबंधित ठेकेदार या एजेंसी से स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर टेंडर प्रक्रिया दोबारा अपनाने का विकल्प भी रहता है।

छोटे अंतर पर भी मोलभाव का दावा-निगम के अधिकारियों के मुताबिक, दरों की जांच केवल बड़े अंतर तक सीमित नहीं रहती। कीमतों में मामूली वृद्धि होने पर भी बातचीत और दरों के औचित्य की जांच की जा सकती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार की परिस्थितियों और पिछली खरीदी की तुलना में अनावश्यक रूप से अधिक कीमत पर सामग्री न खरीदी जाए। हालांकि, इस प्रक्रिया की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए टेंडरवार दरों, समिति की टिप्पणियों और स्वीकृतियों का रिकॉर्ड देखना जरूरी होगा।

सिर्फ प्रक्रिया नहीं, नतीजों की पारदर्शिता भी जरूरी-सूत्रों के मुताबिक प्रदेश में खरीदी की गड़बड़ियों के मामलों ने यह सवाल खड़ा किया है कि सरकारी खरीद में कीमतों की तुलना और निगरानी कितनी प्रभावी है। इंदौर में निविदा समिति की प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण नियंत्रण व्यवस्था हो सकती है, लेकिन निगम को पारदर्शिता का दावा मजबूती के साथ करना फिलहाल मुश्किल है क्योंकि किसी प्रकरण में संलिप्तता किसकी शामिल हो सकती है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

कुलकर्णी का भट्टा क्षेत्र में मामूली बात पर भिड़े दो पक्ष

दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी का भट्टा इलाके में पैसों के लेनदेन और महिलाओं के बीच हुए विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष से फरियादी राजेश पिता जौहरीलाल यादव, निवासी कुलकर्णी का भट्टा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद यादव निवासी कुलकर्णी का भट्टा पैसों के सिलसिले में उनके पास आया था। आरोपी ने कहा कि तेरी पत्नी को समझा लेना, वह मेरी इसी बात को लेकर विनोद ने राजेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी विनोद यादव ने राजेश को धक्का देकर दीवार पर दे मारा, जिससे उनका सिर दीवार से टकरा गया और चोट लगने से खून बहने लगा। बीच-बचाव में आई वैशाली यादव ने राजेश की पत्नी शीतल यादव के साथ भी हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की।

वहीं, दूसरे पक्ष से वैशाली पति विनोद यादव, निवासी कुलकर्णी का भट्टा ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने राजेश यादव से 200 रुपए उधार लिए थे, जिन्हें चुकाने वे उनके पास गई थीं। इसी बात को लेकर राजेश यादव विवाद करने लगा और अद्यश्र भाषा में गाली-गलौज करने लगा। वैशाली का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो राजेश और शीतल ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए उनके पति विनोद यादव को राजेश ने उठाकर पटक दिया और जोरदार धक्का दिया, जिससे वे पास खड़ी मोटरसाइकिल पर जा गिरे। इस हादसे में विनोद के बाएं पैर के अंगूठे, दाहिने पैर की जांघ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। परदेशीपुरा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।

बुलेट सवार बदमाश ने दंपत्ति का पीछा कर स्कूटी में मारी लात

सड़क पर गिरने के बाद महिला का दबाया गला

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे बुलेट सवार द्वारा दंपत्ति का पीछा कर उनके साथ मारपीट करने और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोपी ने चलती स्कूटी से दंपत्ति का हाथ पकड़ने की कोशिश की और आगे जाकर स्कूटी में लात मार दी, जिससे दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद आरोपी ने महिला का गला दबाया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना की शिकायत फरियादी मयंक पिता मनोज कुमार जैन, निवासी स्नेहलता गंज ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी अंकित जैन निवासी चित्रा स्टेट, गणेश धाम अपनी बुलेट मोटरसाइकिल एमपी 09 झेडपी 0329 से आया और उन्हें रास्ते में सामने से रोका। जब मयंक नहीं रुके, तो आरोपी ने उनका हाथ पकड़ने का प्रयास किया।हाथ पकड़ में न आने पर आरोपी ने मयंक के पीछे बैठी उनकी पत्नी जूली का हाथ पकड़ने की कोशिश की। खतरा भांपकर मयंक स्कूटी तेज भगाकर नारायणी अस्पताल की ओर भागे।

आरोपी अंकित ने उनका पीछा किया और नारायणी अस्पताल के सामने उन्हें जबरन रोक लिया। आरोपी ने वहां गाली-गलौज करते हुए मयंक की स्कूटी में जोरदार लात मार दी, जिससे मयंक और उनकी पत्नी जूली स्कूटी सहित सड़क पर गिर गए। इसके बाद आरोपी अंकित ने महिला का गला दबा दिया और मारपीट की। राहगीरों के जुटने पर हंगामा बढ़ा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

1.28 लाख की अवैध ब्राउन शुगर के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

आगर-मालवा से लाता था नशा, खेत से पुलिस ने दबोचा

इंदौर। शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एरोड्रम थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने स्कीम 155 के पास स्थित एक खेत में घेराबंदी कर आगर-मालवा से ब्राउन शुगर लाकर इंदौर में बेचने वाले एक शातिर तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.28 लाख रुपए मूल्य की 12.8 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जब्त की गई है।



मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों पर रोकथाम हेतु अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी मनोज सेंधव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संदेहास्पद स्थानों पर सरप्राइज चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने स्कीम 155 के पास एक खेत से संदेही धर्मेंद्र पिता ओमप्रकाश जाधव, निवासी नंदबाग को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 12.8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई।

पूर्व में भी दर्ज हैं चोरी, डकैती व एनडीपीएस के गंभीर अपराध- पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी आगर-मालवा जिले से ब्राउन शुगर की खेप लाकर इंदौर शहर के विभिन्न इलाकों में तस्कर करता था। गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में पूर्व से ही मादक पदार्थ के सेवन, चोरी, डकैती की योजना और मारपीट जैसे कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **Suyash Jaju, Sooyash Jaju** था। अब **SOOYASH KUMAR S/o DILLEP JAJU सूयश कुमार पिता दिलीप जाजु** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

निवासी: 554, मेनरोड बाग (जिला धार) म.प्र. भारत-454221

देवास जहरीली शराबकांड

इंदौर के दवा बाजार से केमिकल मंगाकर बनाई थी जहरीली शराब

इंदौर। देवास के चर्चित चंदाना-बिंजाना जहरीली शराबकांड की तफ्तीश में पुलिस ने नकली शराब बनाकर उसे लाइसेंसी पेटियों के जरिए खपाने वाले बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। मामले के तार अब इंदौर से जुड़ गए है। पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने 1 अक्टूबर को इंदौर के दवा बाजार स्थित एक कार्यालय से केमिकल की बुकिंग कराई थी, जिसकी सप्लाई लोहा मंडी स्थित महावीर मार्केट के गोदाम से देवास भेजी गई थी। देवास के अलग-अलग मकानों में केमिकल और पानी मिलाकर शराब जैसा खतरनाक मिश्रण तैयार किया गया और उसे बोतलों में भरकर असली शराब की पेटियों के बीच छिपाकर बाजार में खपाया गया। इंदौर पुलिस व आबकारी विभाग की टीमों ने इंदौर के दवा बाजार और लोहा मंडी गोदाम में दबिश देकर खरीद-बिक्री व सप्लाई से जुड़े अहम दस्तावेज जुटाए हैं। पुलिस अब यह पड़ताल कर रही है कि केमिकल का भुगतान किसने किया और इस अवैध नेटवर्क में इंदौर-देवास के और कौन-कौन से तस्कर शामिल हैं।

इन्दौर नगर पालिक निगम
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती प्रेम राय (खंगार)पति श्री विष्णु शरण राय** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-43 कासा विलास अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1004403550 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती स्वाति अग्निहोत्री पति श्री विक्रम अवस्थी** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-09 इन्फो सिटी अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1004049201 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जिनवाला अकील पिता ओन अली अमाली फातिमा 2.झेनाब अनीस रोकाडिया पति अनीस 3.लोखण्डवाला हुसैन पिता असगर भाई** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के सारजिस्ट्री/ वसीयतनामा/ वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001127160 पता 280-5 ज़वाहर मार्ग इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
मां हरसिद्धी झोन क्र.-12
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जिनवाला अकील पिता ओन अली अमाली फातिमा 2.झेनाब अनीस रोकाडिया पति अनीस 3.लोखण्डवाला हुसैन पिता असगर भाई** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के सारजिस्ट्री/ वसीयतनामा/ वारिसनाते शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस पिन नं. 1001127158 पता 280-4 ज़वाहर मार्ग इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-12
नगर पालिक निगम इन्दौर

12 गेंद 50 रन, युवराज सिंह का रिकॉर्ड अभी भी नहीं टूटा

अभिषेक शर्मा बोले-हम उसके बारे में नहीं सोचते

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में 38 गेंदों पर 113 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले अभिषेक शर्मा भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को अपना मेंटर और गुरु मानते हैं। दोनों ही खिलाड़ी पंजाब से आते हैं और मैदान पर विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। युवराज सिंह ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 6 छक्के जड़कर महज 12 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था, जो आज भी किसी भारतीय द्वारा टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में अभिषेक शर्मा इस रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंचे, जहां उन्होंने 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और बाद में 35 गेंदों में शतक ठोका।

युवराज सिंह का मजाकिया ट्वीट- अभिषेक शर्मा की इस तूफानी शतकीय पारी के तुरंत बाद युवराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मजाकिया अंदाज में लिखा, तुम अभी भी 12 गेंदों में 50 रन नहीं बना सकते ना अभिषेक शर्मा! ऐसा लग रहा था मानो दो बाएं हाथ के बल्लेबाज अपने घर के पिछवाड़े में बल्लेबाजी कर रहे हों! युवराज का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया।



अभिषेक शर्मा का जवाब- मैच खत्म होने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने पहुंचे अभिषेक शर्मा से जब युवराज सिंह के इस चैलेंज और पोस्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि युवी पाजी उस समय किस तरह की क्रिकेट खेल रहे थे, लेकिन यह बिल्कुल भी आसान नहीं है। अगर कोई बल्लेबाज मैदान पर जाकर उस तरह बल्लेबाजी करना चाहता है, तो यह आसान नहीं होता। आप बस मैदान पर जाकर 12 गेंदों में 50 रन नहीं बना सकते, ऐसा कभी-कभार ही होता है।

पर्सनल माइलस्टोन नहीं, टीम को तेज शुरुआत दिलाना था लक्ष्य- अभिषेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि वह या उनके साथी सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी कभी भी व्यक्तिगत रिकॉर्ड या माइलस्टोन के पीछे नहीं भागते। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान टीम को आक्रामक और तेज शुरुआत दिलाकर मैच जिताना था। अभिषेक ने अपनी इस शानदार बल्लेबाजी का श्रेय टीम के कोचिंग स्टाफ और साइडआर्म थ्रो पर की गई कड़ी प्रैक्टिस को दिया, जिसकी मदद से वह न्यूजीलैंड की परिस्थितियों और मैदान के डाइमेंशन को ध्यान में रखते हुए अपने स्वाभाविक शॉट्स खेल सके।

न्यूज इन बॉक्स

जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में मणिकर्णिका व त्रयंबीका गौड ने जीते पदक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हैदराबाद में तीन दिनों तक आयोजित राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में इंदौर जिम्नास्टिक क्लब की खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इंदौर जिम्नास्टिक क्लब की खिलाड़ी मानिकर्णिका गौड ने लेवल-3 के अंतर्गत अनइवन बार्स स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, त्रयंबिका गौड ने लेवल-2 में प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। कोच भरत बाथम ने मार्गदर्शन प्रशिक्षण दिया था। इस जीत पर कोच से लेकर स्कूल प्राचार्य, गेम्स टीचर और अन्य ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

डॉ. अंचल सिलावट स्मृति सम्मान समारोह कल

इंदौर। समाजसेवी डॉ. अंचल सिलावट स्मृति सम्मान समारोह 29 अक्टूबर को आयोजित होगा। प्रकाश हॉकी क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि डॉ. अंचल सिलावट शहर के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जीवनपर्यंत प्रयासरत रहे। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष यह सम्मान शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दिया जाता है। उनकी 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल पर गरिमामय कार्यक्रम में शहर के 25 खिलाड़ियों को ट्रेक सूट वितरित किए जाएंगे जबकि 25 खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक और गेंद का वितरण होगा। इस दौरान शहर के गणमान्यजन बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे।

दूसरों की मेंटल हेल्थ खराब करता है, व खुद मेडिटेशन करता है

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया। अभिषेक ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए महज 38 गेंदों पर 113 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने अपनी सेंचुरी सिर्फ 35 गेंदों में पूरी कर ली। यह उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का तीसरा शतक था।

राजस्थान रॉयल्स इंदौर, टीम बार्डर एमपी की आसान जीत

इंदौर। युवाओं को मोबाइल और नशे से दूर रखने का कुमावत समाज ने एक अनूठी पहल करते हुए युवाओं को खेल के मैदान पर लाकर युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है । युवा भी इस आयोजन पर बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है और रोमांचक मुकाबलों में अपनी प्रतिभा दिखा रहे है । मुकाबलों में लगातार चौके-छक्के लग रहे है और खिलाड़ियों के साथ समाजजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कुमावत समाज द्वारा इस तरह का क्रिकेट आयोजन पहली बार हो रहा है ।



एमपी कुमावत क्रिकेट लीग के संयोजकनानुराम कुमावत के संयोजन में आयोजित यह स्पर्धा दिन-रात मुकाबले खेले जा रहे है । तीसरे दिन हुए मुकाबलों में राजस्थान रॉयल्स इंदौर, टीम बार्डर एमपी तथा रिंगनोदिया रॉयल्स ने आसान जीत दर्ज की । बायपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेला जा इस टूर्नामेंट में तीसरे दिन हुए मुकाबलों में रिंगनोदिया रॉयल्स ने जिन्दाखेड़ा कुमावत किंग्स इलेवन को 122 रनों के विशाल अंतर से मात दी । रिंगनोदिया रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 3 विकेट पर 189 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया । जिसमें रोहित कुमावत ने 21 गेंदों में 77 रनों की आतिशी पारी खेली । जवाब में जिन्दाखेड़ा कुमावत किंग्स इलेवन की टीम 12 ओवर में 7 विकेट पर 67 रन ही बना सके । रोहित ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी भी उम्दा की और 1 विकेट भी लिया।

मुकाबलों के दौरान विधायक महेंद्र हार्डिया, आचार्य गौरव, अभय मोरवाल, जगदीश मंडावरा, सक्षम सेठिया, भंवरलाल कुमावत, मुकेश कुमावत, पार्थ कुमावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । इस अवसर पर स्पर्धा संयोजक नानूराम कुमावत, मनोज कुमावत, पंकज कुमावत, अशोक कुमावत, बाबूलाल कुमावत, कविंद्र कुमावत, जितेंद्र कुमावत एवं कमल कुमावत उपस्थित थे।

श्रीलंका ने पाकिस्तान को आसानी से हराया, फाइनल में मारी एंट्री

कराची। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा टी20 मैच जीत लिया है। इसी बीच लाहौर में खेले गए ट्राई वनडे सीरीज के अहम मुकाबले में श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर 5 विकेट चटकाए। मदुशंका की घातक गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान की पूरी टीम महज 25.4 ओवरों में 110 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने शुरुआत से ही मेजबान पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। पाकिस्तान के लिए फखर जमान, साइम अयूब की जगह शामिल हुए माज सदाकत और कप्तान बाबर आजम सस्ते में पवेलियन लौट गए, जिससे पाकिस्तान की टीम उबर नहीं सकी।

मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फ्लॉप, मदुशंका ने लगातार झटके विकेट

बाबर आजम के आउट होने के बाद पाकिस्तान की वापसी की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं। पिछले मैच के हीरो रहे शादाब खान महज 2 रन बनाकर सहान अराचिगे का शिकार बने। इसके बाद अपने दूसरे स्पेल में वापस लौटे मदुशंका ने अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी को आउट कर पाकिस्तान के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान के लगातार विकेट गिरते रहे और आधी ओवर फेंके जाने से पहले ही पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। 111 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम को कामिंदु मेंडिस ने आक्रामक शुरुआत दिलाई।

रोमांचक मुकाबलों के साथ फुटबाल स्पर्धा प्रारंभ



इंदौर। 5वीं गोल्डन फुटबॉल ट्रॉफी-2026 इंटर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक गोपाल अग्रवाल रहे। इस अवसर पर उनके साथ प्राचार्य एवं एकेडमिक डायरेक्टर ट्रेवर ब्राउन, स्कूल हेड मेहर पटेल तथा खेल विभाग प्रभारी डगलस ब्राउन उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबले में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने येवा वर्ल्ड स्कूल, इंदौर को 2-0 से पराजित कर विजयी शुरुआत की। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से मोहम्मद उमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों गोल दागे और टीम को यादगार जीत दिलाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की दर्शकों ने खूब सराहना की। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता में 32 टीमों के लगभग 640 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन खेले गए अन्य मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे- फाउंटेन हेड इंटरनेशनल स्कूल ने क्वीन्स कॉलेज को 4-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

कप्तान बनने के बाद बल्ला शांत, स्मृति से छिना वनडे की नंबर-1 बैटर का ताज

दुबई। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 का ताज छिन गया है। टीम अभी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। सीरीज के पहले दोनों मैचों में स्मृति का बल्ला नहीं चली। पहले मैच में वह 32 रन बनाकर आउट हो गईं तो दूसरे मैच में खाता भी नहीं खुला। जिसकी वजह से साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने फिर से वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति के 762 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं तो लौरा के 782 पॉइंट्स हैं।



हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा का फायदा- भारत के लिए सीरीज के दूसरे मैच में हरमनप्रीत कौर के साथ ही दीप्ति शर्मा ने शतक ठोका था। इसकी वजह से दोनों को बैटिंग रैंकिंग में फायदा मिला है। हरमन 10वें से अब 8वें नंबर पर आ गई हैं। उन्होंने 126 रनों की पारी खेली थी। वहीं दीप्ति शर्मा चार स्थान की छलांग लगाकर 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति शर्मा वनडे ऑलराउंडर्स की सूची में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर आ गई हैं। वह वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें नंबर पर पहुंच गई हैं। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ वनडे गेंदबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि युवा बल्लेबाज प्रतिका रावल सात स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की बेस्ट 21वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं।

टी20 में शेफाली तीसरे नंबर पर पहुंचीं- ताजा टी20 रैंकिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज खत्म होने के बाद, शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गईं, जबकि स्मृति मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी हैं।

पुराने विवाद में जांघ में मारा चाकू

पहले दी थी गालियां, विरोध किया तो हथियार का उपयोग, प्रकरण दर्ज

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट और हमले का मामला सामने आया है। दो बदमाशों ने रंजिश की बात को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जांघ में चाकू घोंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना फिरदौस नगर इलाके की है। फरियादी मुजफर पिता मुजीब खान, निवासी फिरदौस नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोईन उर्फ नाना और अनस उर्फ मोना दोनों निवासी फिरदौस नगर पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान आरोपी अनस उर्फ मोना ने फरियादी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।जब फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी मोईन उर्फ नाना ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी अनस उर्फ मोना ने अपने पास रखा चाकू निकालकर मुजफर के दाहिने पैर की जांघ में मार दिया। चाकू लगने से फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गए और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

छात्र के कमरे से दो लैपटॉप और मोबाइल चोरी

इंदौर। एमआईजी और गांधी नगर थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आई हैं। पहली घटना में चोरों ने एक छात्र के कमरे को निशाना बनाते हुए दो लैपटॉप और मोबाइल पार कर दिए, वहीं दूसरी घटना में ताला तोड़कर चोर घर से नकदी-जेवर और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एमआईजी पुलिस के अनुसार, अनुराग नगर निवासी वैभव पिता सुभाषचंद्र पालीवाल के कमरे में अज्ञात चोर घुस गए। मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले वैभव इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। चोर उनके कमरे से डेल कंपनी के दो लैपटॉप और एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल चुरा ले गए। एमआईजी पुलिस अज्ञात चोर की तलाश कर रही है। दूसरी घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र के अरिहंत नगर की है। यहां रहने वाले राजू पिता माखनलाल हटिला के मकान को अज्ञात बदमाशों ने अपना निशाना बनाया। बदमाश घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे चांदी के आभूषण, एक एलईडी टीवी और गैस की टंकी चुराकर ले गए। गांधी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

ई-रिक्शा में सोने का मंगलसूत्र उड़ाया

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा से सफर कर रही एक अधेड़ महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि ई-रिक्शा में उनके बगल में बैठी संदिग्ध महिलाओं ने सफाई से गले से मंगलसूत्र पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना भमौरी से पाटनीपुरा चौराहे के बीच की है। फरियादिया रेखा पति लक्ष्मीनारायण बांगर (52) निवासी साईं सिटी, सिंगापुर टाउनशिप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे सत्यसांई चौराहे से पाटनीपुरा जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुई थीं।फरियादिया के अनुसार, जैसे ही ई-रिक्शा भमौरी वाइन शॉप के पास पहुंचा, तभी 2-3 अज्ञात महिलाएं आकर उनके दोनों तरफ बैठ गईं। ई-रिक्शा जब पाटनीपुरा चौराहे पर पहुंचा और रेखा नीचे उतरीं, तो अचानक उनका हाथ गले पर गया। उन्होंने देखा कि उनके गले में पहना हुआ सोने का मंगलसूत्र गायब था। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि रिक्शा में बगल में बैठी अज्ञात महिलाओं ने ही नजर बचाकर उनके गले से मंगलसूत्र चुराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।


























स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।